मुरादाबाद इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलोजी

एम0आई0टी0 / नोटिस / 266
दिनांक : 11.10.2022

अनुसूचित जाति एवं सामान्य जाति की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवश्यक सूचना

संस्थान में अध्ययनरत सत्र 2022–23 के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सभी पात्र छात्र / छात्राओं के छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन पत्र दिनॉक 02 / 11 / 2022 तक समाज कल्याण की वेवसाइट **www.scholarship.up.gov.in** पर भरे जाएंगे।

1. गत वर्ष 2021–22 में जिन छात्र / छात्राओं ने छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन किया था उन्हें अपने आवेदन फार्म का नवीनीकरण करना है।
2. अनुसूचित जाति / सामान्य जाति के बी0टेक0 / बी0वॉक / एम0बी0ए0 के नवप्रवेशित पात्र छात्र / छात्रायें जो काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेशित हैं, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु नवीन आवेदन करें।
3. अनुसूचित जाति के एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम के लिए स्नातक में 50 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक एवं सामान्य जाति के एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम के लिए स्नातक में 55 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक होने चाहिए।
4. सामान्य जाति के बी0टेक0 / बी0वॉक पाठ्यक्रम के नवप्रवेशित पात्र छात्र / छात्रायें जिनके इंटर / डिप्लोमा में 60 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक एवं हैं, वही छात्र / छात्राएं छात्रवृत्ति हेतु पात्र हैं।

सभी पात्र छात्र अपने आवेदन का नवीन / नवीनीकरण दिनांक 02.11.2022 तक अवश्य कर दें तत्पश्चात आवेदन का जाँचने हेतु प्रिन्ट आउट लेकर जाँच हेतु कार्यालय में सम्पर्क करें। फाइनल प्रिंट आउट समस्त संलग्नकों सहित निर्धारित तिथि 05.11.2022 तक संस्थान में अवश्य जमा कर दें। उपरोक्त तिथि के पश्चात किसी भी छात्र का आवेदन फार्म संस्थान में जमा नहीं किया जायेगा जिसके लिए छात्र स्वयं जिम्मेदार होगा।

आवेदन भरने की अन्तिम तिथि 05.11.2022

नोट –

1. **आवेदन फार्म जमा करते समय एवं पूरे कोर्स के दौरान छात्र / छात्राओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए अन्यथा आवेदन फार्म स्वीकार / अग्रसारित नहीं किया जाएगा।**
2. **त्रुटिपूर्ण आवेदन फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा।**
3. **महत्वपूर्ण निर्देश पढ़कर ही फार्म भरें ताकि फार्म भरने में कोई त्रुटि न हो।**
4. **आवेदन फार्म के साथ लगने वाले समस्त संलग्नों की सूची, प्रारूप एवं महत्वपूर्ण निर्देश संस्थान के फोटोकापी सेक्शन से प्राप्त करें।**

निदेशक

समस्त नोटिस बोर्ड

प्रतिलिपि :–

DOSW/डीन एकेडमिक / चीफ प्रोक्टर
समस्त विभागाध्यक्ष – क्लास ओ0सी0 के माध्यम से छात्रों के सूचनार्थ
सहायक कुलसचिव / लेखाविभाग / लायब्रेरी / कार्यालय अधीक्षक